भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1380

30 जुलाई, 2021 को उत्तर देने के लिए

राजस्थान में फूड पार्क

1380. श्री नीरज डांगी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण के लिए उन्नत अवसंरचना के निर्माण हेतु किसी फूड पार्क की स्थापना की है;

(ख) यदि हाँ, तो गत पांच वर्षों के दौरान अनुमोदित पार्कों हेतु उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता या निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार की निकट भविष्य में राजस्थान में कोई फूड पार्क स्थापित करने की योजना है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) स्वयं मेगा फूड पार्क (एमएफपी) स्थापना नहीं करता है । हालांकि, एमओएफपीआई देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और प्रस्ताव अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं । अब तक मंत्रालय ने राजस्थान में दो परियोजनाओं को अनुमोदित किया है । अजमेर में पहली परियोजना को वर्ष 2014 में अनुमोदित कियागया और दूसरी परियोजना को मार्च, 2021 में सैद्धांतिक अनुमोदन दिया । पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी अनुदान सहायता सहित इन परियोजनाओं की स्थिति **संलग्न**क में दी गई है ।

*****

संलग्नक

"राजस्थान में फूड पार्क" के बारे में दिनांक 30.07.2021 को राज्य सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1380 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखि विवरण ।

राजस्थान राज्य में मेगा फूड पार्क के अंतर्गत अनुमोदित एमएफपी परियोजनाओं की स्थिति

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	**परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी का नाम**	**जिला**	**अंतिम अनुमोदन की तारीख**	**कुल परियोजना लागत**	**अनुमोदित अनुदान सहायता**	**पिछले पांच वर्षों में जारी की गई अनुदान सहायता**	**स्थिति**
1.	मैसर्स ग्रीन टैक मेगा फूड पार्क प्रा.लि.	अजमेर	19.02.2014	119.82	49.88	30.21	प्रचालनरत
2.	मैसर्स श्रीराम मेगा फूड पार्क प्रा.लि.,	बीकानेर	दिनांक 31.03.2021 को परियोजना को सैद्धांतिक अनुमोदन दिया गया । परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अंतिम अनुमोदन के लिए शर्तों का पालन किया जाना बाकी है ।				